तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 4 मार्च 2025

10 एक्सईएन के आश्वासन के बाद भी नहीं मिला पीने...

11 बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी ने संभाला कार्यभार


## खबर संक्षेप

### पशु चोरी में एक और आरोपित गिरफ्तार

जींद। सीआईए स्टाफ ने गांगोली गांव से 11 पशु चोरी करने के मामले में पांचवें आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान भिवानी शहर के खारी मोहल्ला निवासी विशाल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर उसे दो दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ की जाएगी। सीआईए इंचार्ज एएसआई कमल सिंह ने बताया कि गांगोली निवासी शमशेर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह भेड़ व बकरी पालने का काम करता है।

### रंजिश के तहत रास्ता रोककर युवक पर हमला

जींद। शहर में रंजिश के तहत एक युवक का रास्ता रोककर उस पर लाठी व डंडों से हमला कर दिया। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को नामजद कर दो अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। रामदासिया मोहल्ला निवासी अंकित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी करीब दो साल पहले छोटूराम पार्क के लगते एरिया निवासी अजय और अंकुश के साथ झगड़ा हुआ था। उसके बाद से ही वह दोनों उससे रंजिश रख रहे हैं।

### साइबर ठगों ने लगाया ढ़ाई लाख का चूना

जींद। साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन टास्क सिस्टम के माध्यम से घर बैठे पैसे कमाने का झांसा देकर दो लाख 41,479 रुपये ठगने पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। कैथल रोड स्थित राजनगर निवासी मिया सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि ऑनलाइन टास्क सिस्टम में घर बैठे पैसे कमाने के लिए मैसेज आया। कई बार इंकार किया लेकिन 20 जनवरी तक लगातार उसके पास मैसेज आते रहे।

### सट्टा खाईवाली करते व्यक्ति गिरफ्तार

जींद। शहर थाना पुलिस नरवाना के हरिनगर में सरेआम सट्टा खाईवाल करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान वार्ड 20 निवासी राजेंद्र के तौर पर हुई है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को रविवार देर शाम सूचना मिली थी कि हरिनगर के सब्जी मंडी पुल के पास एक व्यक्ति सरेआम सट्टा खाईवाली कर रहा है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और देखा कि एक व्यक्ति सट्टे लगवा रहा है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति लापता

जींद। सफीदों के गांव धर्मगढ़ ;बोहलीद्ध से एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। सदर थाना पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। धर्मगढ़ गांव निवासी महिला सुमन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 26 फरवरी रात को उसका परिवार खाना खाने के बाद सो गया था। अगले दिन उठे तो उसका 50 वर्षीय पति पिरथी बिस्तर पर नहीं था। उन्होंने आसपास और रिश्तेदारियों में भी पता कियाए लेकिन कहीं भी उसका सुराग नहीं लगा।

### जीएसटी सेटलमेंट योजना का लाभ उठाएं

कैथल। उप आबकारी व कराधान आयुक्त (सेल्स टैक्स), विजय कुमार ने बताया कि जिले के सभी करदाताओं के लिए हरियाणा सरकार की सेटलमेंट योजना व वित्तीय वर्ष 2017-18 एवं 2018-19 और 2019-20 से संबंधित एचजीएसटी, सीजीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 73 के तहत मांगों से संबंधित ब्याज या जुर्माना या दोनों को माफ करने के लिए जीएसटी माफी योजना की घोषणा की है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच रखी ईवीएम मशीनें

- नप चुनाव मतगणना 12 को, निषेधज्ञा लागू, कड़ी सुरक्षा और पहरे में रखी ईवीएम मशीनें
- राजनीतिक दलों द्वारा जुलूस निकालने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद



सीवन। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

नगर पालिका चुनाव 2025 को लेकर मतदान प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। अब 12 मार्च को गणना कार्य किया जाना है। मतगणना प्रक्रिया के दौरान जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा निषेधज्ञा लागू कर दी है। फिलहाल ईवीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। राजकीय महाविद्यालय जुलाना में मतों की गिनती का कार्य होगा। सोमवार को जानकारी देते हुए जिलाधीश मोहम्मद इमरान रजा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत यह आदेश पारित किया है। जो दो मार्च से 12 मार्च तक प्रभावी रहेगी। मतगणना के दौरान प्रत्याशियों, उनके समर्थकों एवं आम जनता की बड़ी संख्या में उपस्थिति के कारण कानून, व्यवस्था बिगडऩे की आशंका को देखते हुए विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं तथा कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं। आदेश के अनुसार राजकीय महाविद्यालय जुलाना एवं राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सफीदों के 500 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के घातक हथियार ले जाने, पेट्रोल, डीजल की बोतल रखने, पांच से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने और राजनीतिक दलों द्वारा जुलूस निकालने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अतिरिक्त मतगणना केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में अनधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश भी निषिद्ध किया गया है ताकि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों एवं अन्य संवेदनशील सामग्री की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह आदेश पुलिस एवं ड्यूटी पर तैनात सरकारी कर्मचारियों पर लागू नही होगा। डीसी एवं जिलाधीश मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि ईवीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। बाहर पुलिसकर्मियों व अधिकारियों की तैनाती की गई है। मतगणना केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में अनधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश भी निषिद्ध किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### स्ट्रांग रूम में पूर्ण रूप से सुरक्षित ईवीएम

सीवन। सीवन में नगरपालिका का चुनाव रविवार को सम्पन्न हो गया। प्रत्याशियों का भविष्य मशीनों में बंद हो गया और मशीनें सीवन के माडल संस्कृति स्कूल में बने स्ट्रांग रूम में रखी गई। मशीनों की सुरक्षा चाक चौबंद है और मौके पर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट मौजूद हैं। पुलिस के कड़े पहरे में ईवीएम मशीनें रखी हुई हैं। सीवन नगरपालिका चुनाव के एआरओ रविन्द्र हुड्डा ने बताया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा पूरी तरह से की गई है। कैमरे लगाए गए हैं और रिकार्डिंग की जा रही है। पुलिस बल मौके पर तैनात है। स्ट्रांग रूम में परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। 12 मार्च तक मशीनें स्ट्रांग रूम में रखी रहेंगी। 12 मार्च को स्कूल के हाल में ही वोटों की गिनती का कार्य होगा। गिनती से पूर्व कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी होगा।

# नगरपालिका चुनाव के बाद ईवीएम स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई लागू

- 24 घंटे सीसीटीवी व सुरक्षा कर्मियों की नजर में स्ट्रांग रूम

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी


पूंडरी। स्ट्रांग रूम के बाहर पहरा देते हुए पुलिस जवान। फोटो : हरिभूमि

नगरपालिका चुनाव के मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद अब सभी प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम मशीनों में कैद हो चुकी है। पूंडरी के एएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ईवीएम मशीनों को सुरक्षित रखने के लिए स्ट्रांग रूम बनाया गया है, जहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। ईवीएम मशीनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने तीन ड्यूटी मजिस्ट्रेट, पुलिस बल और सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था की है। तहसीलदार एवं ड्यूटी मजिस्ट्रेट अंशुल अरोड़ा ने बताया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में कोई कमी नहीं छोड़ी गई है। स्ट्रांग रूम के बाहर 6 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो लगातार निगरानी कर रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था पर निगाह रखने के लिए डीवीआर (डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर) भी लगाई गई है। किसी भी उम्मीदवार को सुरक्षा जांच देखने की आवश्यकता हो तो डीवीआर के माध्यम से इसकी सुविधा दी गई है। बिना अनुमति किसी को भी स्ट्रांग रूम के आसपास जाने की इजाजत नहीं दी जा रही है।

चुनाव परिणाम का इंतजार, प्रत्याशियों में उत्सुकता मतदान समाप्त होने के बाद प्रत्याशियों और मतदाताओं की नजरें अब ईवीएम मशीनों में दर्ज नतीजों पर टिकी हुई हैं। सभी उम्मीदवार और उनके समर्थक बेसब्री से परिणामों का इंतजार कर रहे हैं। चुनावी माहौल को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की सतर्कता जारी है।

### यह बोले अधिकारी

*ईवीएम मशीनों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जा रही है। तीन ड्यूटी मजिस्ट्रेट और सुरक्षाकर्मी लगातार निगरानी कर रहे हैं। स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी कैमरों की नजर में रखा गया है और बिना अनुमति किसी को भी आसपास जाने की इजाजत नहीं है।*

*-अंशुल अरोड़ा, तहसीलदार पूंडरी ड्यूटी मजिस्ट्रेट।*

**एक्शन में प्रशासन:** उड़नदस्तों की नौ टीमों को बढ़ाकर किया 20

# उपायुक्त और एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

### अधिकारियों और पुलिस कर्मचारियों को मुस्तैदी से ड्यूटी करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद


जींद। परीक्षा केंद्र निरीक्षण के दौरान दिशा-निर्देश देते हुए डीसी। फोटो : हरिभूमि

जिला में 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षाओं को नकल रहित संपन्न करवाने को लेकर उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा व एसपी राजेश कुमार ने सोमवार को गांव हाट के संवेदनशील परीक्षा केंद्र सहित गांव गंगोली, पिल्लूखेड़ा व निर्जन परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और ड्यूटी पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को परीक्षाओं को शांतिपूर्ण व नकल रहित संपन्न करवाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने परीक्षा केंद्रों पर सेंटर सुपरीटेंडेंट से भी फीडबैक लिया और कहा कि अगर स्टाफ या पुलिस बल की और ज्यादा जरूरत है तो इस संबंध में तुरंत प्रशासन को अवगत करवाएं। उन्होंने स्वयं भी परीक्षार्थियों की गतिविधियों का निरीक्षण किया। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि परीक्षा केंद्र में व्यवस्था ठीक होने के साथ यह सुनिश्चित करें कि कमरों में रोशनी की सही सुविधा हो तथा केंद्र के आसपास किसी भी प्रकार का बाहरी लोगों का दखल न हो और परीक्षा केन्द्रों में ड्यूटी पर लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मोबाइल परीक्षा शुरू होने से पहले ही जरूर जमा करवाएं। इसके अलावा प्रतिदिन सीसीटीवी कैमरों के काम करने सहित परीक्षा केंद्रों पर बाउंड्री वाल जैसे पहलू के बारे में भी रिपोर्ट करें। उपायुक्त ने अपने निर्देशों में कहा कि परीक्षा केंद्रों के आसपास और स्कूल की बाउंड्री वॉल के अंदर बाहरी व्यक्तियों का जमावड़ा न हो और सम्बन्धित एसडीएम इस पर नजर बनाए रखेंगे। यदि किसी भी सेंटर पर नकल या अनुचित गतिविधियां होती हैंए तो सख्त कार्रवाई की जाएं। इसके अलावा ड्यूटी मजिस्ट्रेट की भी नियुक्ति की गई है ताकि नकल रहित परीक्षा सुनिश्चित की जा सके। किसी भी प्रकार की आशंका होने पर तुरंत संबंधित अधिकारी को सूचित करें। इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बनाए गए व्हाट्सअप गुरप पर भी जरूर सूचित करें ताकि तत्काल कार्यवाही की जा सके। शांतिपूर्वक व नकल रहित परीक्षा के लिए प्रशासन द्वारा कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के लिए बनाए गए नौ उडऩदस्तों की टीमों की संख्या को बढ़ाकर 20 कर दिया गया है।

### नकल करवाने वालों से सख्ती से निपटा जाए

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने भी मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों को हिदायत दी कि बाहरी लोगों से सख्ती से निपटा जाएं और यह सुनिश्चित करें कि परीक्षा केंद्र के 200 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की भीड़ एकत्रित न हो। इसके साथ-साथ पुलिस कर्मचारी परीक्षा केंद्रों की छतों पर भी लगातार निगरानी करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र के सुपरिटेंडेंट परीक्षार्थी पर संदेह होने के स्थिति में तुरंत स्कैनर की मदद से जांच करें और जरूरी हो तो पुलिस का सहयोग लें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र सुपरिटेंडेंट एसएमसी के सदस्यों से बैठक कर नकल रहित परीक्षा के बारे में चर्चा करें और उनसे पूर्ण सहयोग की अपील करें। निरीक्षण के दौरान सफीदों के एसडीएम पुलकित महोल्त्रा आदि मौजूद रहे।



### 15 डीसी व एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का दौरा

कैथल। डीसी प्रीति ने एसपी राजेश कालिया के साथ सोमवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं परीक्षा के दृष्टिगत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए केंद्रों का दौरा किया और परीक्षा संचालन प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने एक एक कक्षा में जाकर खिड़कियों, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश आदि की व्यवस्था को बारीकी से जांचा। इस दौरान सामान्य खामियां मिलने पर उन्होंने परीक्षा केंद्र अधीक्षक को उन्हें दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने परीक्षा में उपस्थित एवं अनुपस्थित विद्यार्थियों की संख्या के बारे में भी जानकारी ली। सोमवार को कक्षा दसवीं के अंग्रेजी विषय की परीक्षा थी। डीसी प्रीति ने कहा कि जिला प्रशासन केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं को नकल रहित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। अगर कोई परीक्षार्थी नकल करने तथा अन्य व्यक्ति नकल करवाने में लिप्त पाया जाएगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि परीक्षाओं को नकल रहित करवाने में जिला प्रशासन का साथ दें और अपने बच्चों को भी पूरी तैयारी के साथ अकल से परीक्षा देने की सलाह दें। डीसी ने एसपी राजेश कालिया के साथ परीक्षाओं के दौरान आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की और जरूरत अनुसार पुलिस स्टाफ की तैनाती बारे विमर्श किया।

### परीक्षाओं को नकल रहित एवं सफल संचालन के लिए डीसी ने किया टीमों का गठन

कैथल। डीसी प्रीति ने बताया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के दसवीं एवं बारहवीं कक्षा की परीक्षा में नकल रोकने को लेकर एवं सफल संचालन हेतु फ्लाईंग स्क्वायड टीमों का गठन किया गया है। यह टीमें परीक्षा केंद्रों का प्रतिदिन औचक निरीक्षण करेंगी व उपायुक्त कार्यालय में रिपोर्ट देंगी। परीक्षाओं के सफल संचालन हेतु जिला स्तर पर अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबू लाल करवा को ओवर ऑल इंचार्ज नियुक्त किया गया है। डीसी प्रीति ने बताया कि परीक्षाओं के लिए तीन टीमें गठित की गई है, जिसके अंतर्गत पहली टीम में अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबू लाल करवा को अध्यक्ष, पूंडरी मार्केट कमेटी के सचिव अजय नैन को सदस्य नियुक्त किया है। दूसरी टीम में एचएसवीपी के ईओ वकील अहमद को अध्यक्ष तथा मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र ढुल को सदस्य नियुक्त किया गया है। वहीं तीसरी टीम में नगराधीश गुरविंद्र सिंह को अध्यक्ष तथा ढांड मार्किट कमेटी के सचिव देवेंद्र मोर को सदस्य नियुक्त किया गया है।

# अवैध कालोनी में बनी रोड नेटवर्क पर तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल


कैथल। अवैध कब्जे हटाती जेसीबी।

जिला नगर योजनाकार कार्यालय ने जिला प्रशासन के सहयोग से चीका में बनी अवैध कालोनी में बनी रोड नेटवर्क पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। इस दौरान डीटीपी राज कीर्ति बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहीं। उन्होंने बताया कि डीटीपी कार्यालय का अमला पुलिस बल के साथ अवैध कॉलोनी को हटाने के लिए जेसीबी मशीन सहित मौके पर पहुंचा और मौके पर बनी रोड नेटवर्क व डीपीसी को हटाने का कार्य किया गया। जिला नगर योजनाकार राज कीर्ति ने बताया कि कार्यालय के संज्ञान में गुहला चीकी की राजस्व संपदा चीका में अवैध कालोनी काटे जाने का मामला आया था, जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा भू स्वामियों और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके निर्माण विकसित करने के लिए जरूरी अनुमति प्राप्त करने वाले आदेश दिए गए थे, लेकिन भू-स्वामियों द्वारा न तो मौके पर बनाए जा रहे अवैध निर्माण को रोका गया और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया गया। इसके बाद एचडीआर. एक्ट 1975 के प्रावधानों के अनुसार जिला प्रशासन की मदद से उक्त तोड़-फोड़ की कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि आमजन सस्ते रेटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में न आकर जमीन की खरीद करने से पहले इस कार्यालय से कॉलोनी की वैधता अवैधता बारे पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लें।

# कार ने पीछे से मारी ट्रक को टक्कर एयरबैग खुलने से बची चालक की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



कैथल में रविवार-सोमवार की रात को करनाल रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास एक फॉर्च्यूनर कार ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई। दोनों गाड़ियां शहर से करनाल रोड सर छोटू राम चौक की तरफ जा रही थीं। क्रॉसिंग पर पहुंचते ही ट्रक चालक ने स्पीड ब्रेकर होने के कारण ट्रक की स्पीड कम कर दी। कार चालक स्पीड कम नहीं कर सका और कार ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई। हादसा रात करीब 2 बजे हुआ। हादसे में कार बुरी तरह चकनाचूर हो गई, लेकिन गनीमत रही कि कार के एयरबैग खुल गए, जिससे चालक की जान बच गई। सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस और सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची।

### होगी कार्रवाई

जीआरपी चौकी इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनके पास हादसे की सूचना आई है। इस संबंध में अभी तक कोई शिकायत उनके पास नहीं आई है। अगर शिकायत आती है तो जीआरपी की ओर से आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# प्राप्त शिकायतों के शीघ्र निपटारे के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद


जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए डीसी। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने सोमवार को समाधान शिविर के दौरान 14 शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लंबित शिकायतों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए और संबंधित विभाग तत्काल कार्रवाई करें। शिविर में आयुष्मान कार्ड, शिक्षा, बुजुर्ग पेंशन, दिव्यांग पेंशन, पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतें, आपसी विवाद, पशुपालन लोन, कन्यादान योजना, राशन वितरण और पेयजल संबंधी समस्याओं की सुनवाई की गई। शिविर में गांव रूपगढ़ से महेंद्र कुमार दिव्यांगता पेंशन बनवाने के लिए, गांव नंदगढ़ से जगदीश फैमिली आईडी में सुधार के लिए, गांव छात्तर से बदना राशन न मिलने की समस्या के लिए, गांव बीबीपुर की रीना और गांव रत्ताखेड़ी की कृष्णा कन्यादान राशि के शीघ्र भुगतान के लिए और गांव धरोदी के रमेश पशुपालन डेयरी लोन के लिए अर्जी लेकर आए।

**2019 में तत्कालीन सीएम मनोहर लाल ने किया था शिलान्यास**

# फोरलेन बाइपास के निर्माण का अभी भी इंतजार

- 22 एकड़ में 88 फीट चौड़ाई के फोरलेन बाईपास का होना है निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद


जींद। उचाना कलां हाइवे से जाने वाला बाइपास जहां फोरलेन बाइपास का निर्माण होना है। फोटो : हरिभूमि

नेशनल हाइवे से उचाना कलां गांव के रेलवे अंडरपास को जाने वाले बाईपास के रास्ते बनने वाले 22 एकड़ में 88 फीट के फोरलेन बाईपास का इंतजार लोगों को पांच साल के बाद आज भी ज्यों का त्यों है। 2019 में तत्कालीन सीएम मनोहर लाल द्वारा विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले इसके निर्माण को लेकर शिलान्यास किया था। पांच वर्ष से अधिक का समय होने के बाद भी अब तक इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो रहा है। फोरलेन निर्माण में करीब 1040 किसानों की जमीन एक्वायर होगी। 72 प्रतिशत से अधिक किसानों के खाते में राशि भी पीडब्ल्यूडी द्वारा भेजी जा चुकी है। फोरलेन बाईपास का निर्माण होने से शहर में लगने वाले जाम से वाहन चालकों को छुटकारा मिलेगा। उचाना कलां अंडरपास बनने के बाद लितानी रोड फाटक पर भी अंडरपास बनने के बाद यहां पर बारिश के समय पानी भरने से आवागमन के दौरान वाहन चालक परेशान रहते है। ओवरब्रिज बनने के बाद वाहन चालकों को आने वाली ये भी समस्या दूर होगी। इससे नारनौंदए बरवाला से आने-जाने वाले वाहन चालकों का सबसे अधिक फायदा होगा।

### फोरलेन निर्माण को लेकर हो रही बातचीत

सुशील, बलजीत, सुखबीर ने कहा कि इस बाईपास निर्माण मांग आज से नहीं बल्कि वर्षों से की जाती रही है ताकि जाम से वाहन चालकों को छुटकारा मिले। शिलान्यास होने के बाद भी पांच साल से निर्माण को लेकर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से भी इसको लेकर वाहन चालक, स्थानीय ग्रामीण मिल चुके है। बाईपास के निर्माण से शहर का विकास भी तेजी मिलती है। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि फोरलेन निर्माण को लेकर उच्चाधिकारियों से वो बातचीत कर रहे है। बाईपास निर्माण होने से विकसित उचाना का जो सपना हम देख रहे है वो भी पूरा होगा। उचाना के विकास को तेजी इसके निर्माण से मिलेगी।

## खबर संक्षेप




जींद। सीआरएसयू में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 का आयोजन पर मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए।

### छात्रों को राष्ट्र निर्माण में विज्ञान की भूमिका के बारे में बताया

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम सीवी रमन के खोजे गए रमन प्रभाव की स्मृति में आयोजित किया गया। इसके लिए उन्हें 1930 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करना था। इस कार्यक्रम का समन्वय प्रो. आनंद मलिक और डा. निशा देवपा ने किया।

### महाविद्यालय में लगाये औषधीय पौधे

**नरवाना।** सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय नरवाना में विश्व वन्य जीव संरक्षण दिवस के उपलक्ष में सूर्यवंश संरक्षण एवं संवर्धन के लिए बेलपत्रए कड़ी पत्ताए पारिजातए बड़ए पीपलए नीम इत्यादि के पौधों का प्रत्यारोपण किया गया। वैश्वीकरण के दौड़ में घटते जंगलों बढ़ते उद्योग एवं उपभोक्तावाद के कारण पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण से बाहर हो रहा है।

### पांचवीं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

**सफीदों।** सफीदों शहर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में 5वीं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हो गया। शुभारंभ अवसर पर नगर में विशाल कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में महिलाएं पीले वस्त्र धारण करके सिर पर कलश धारण करके चल रहीं थीं। वहीं कथा व्यास शिवाकांत शुक्ल महाराज (श्री चित्रकूट धाम) यात्रा के आगे-आगे चल रहे थे।

### सतपाल श्योकंद के निधन पर पूर्व मंत्री ने जताया शोक

**जींद।** दाडन खाप के पूर्व प्रधान सतपाल श्योकंद के निधन पर पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने शोक प्रकट किया। उचाना कलां स्थित सतपाल श्योकंद के आवास पर पहुंचे बीरेंद्र सिंह ने कहा कि सतपाल श्योकंद की सामाजिक कामों के साथ-साथ खापों में भी अहम भूमिका रहती थी। सतपाल श्योकंद के निधन पर राजनीति, गैर राजनीति लोगों ने भी शोक प्रकट कर उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की।

### माता भ्रामरी धाम में होली उत्सव का आयोजन

**जींद।** देवभूमि बनभौरी में माता भ्रामरी धाम में होली उत्सव मनाया गया। सुंदर.सुंदर झांकी भी प्रस्तुत की गई। होली उत्सव में कलाकार पं. रमेश कौशिक, सोनू कौशिक ने माता के गीतों पर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। होली के रंगों के साथ माता के गीतों पर श्रद्धालुओं ने झूमकर उत्सव को मनाया। पं. रमेश कौशिक ने दर्शन दे.दे माता ध्यान लगानै तै, मैंने तेरा भरोसा माता सारी दुनिया तै ज्यादा सै, बनभौरी आली में रहने आली करदै ना एक काम मेरा, मैंने घर बैठे बनभौरी मां का धाम दिखाई दे।

## गांव डाहौला में पिछले छह माह से पेयजल की किल्लत

# एक्सईएन के आश्वासन के बाद भी नहीं मिला पीने का पानी

- 100 से ज्यादा ग्रामीणों ने समाधान शिविर में पहुंचकर एडीसी से की मुलाकात
- एडीसी ने शाम तक ट्यूबवेल में मोटर डलवाने का दिया आश्वासन
- ग्रामीणों ने समाधान शिविर के बाहर बैठकर तुरंत मोटर डलवाने की जिद्द



जींद। लघु सचिवालय में पेयजल किल्लत के समाधान की मांग को लेकर एडीसी से मिलने जाते डाहोला के ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव डाहौला में पिछले लगभग छह माह से पेयजल की किल्लत के चलते लोगों को परेशानी हो रही है। इसके समाधान के लिए लगभग अढाई महीने पहले सैंकड़ों ग्रामीण जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन से मिलने पहुंचे थे। उस समय जल्द ही ट्यूबवेल लगवाने का आश्वासन देकर ग्रामीणों को भेज दिया था। इसके बावजूद अब फिर गांव में पेयजल की किल्लत बनी हुई है।

डाहोला गांव में एक्सईएन ने उस समय ट्यूबवेल लगवाया था ताकि गांव में पेयजल की किल्लत को दूर किया जा सके। इसके बावजूद ट्यूबवेल को लगा कर चालू भी किया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ट्यूबवेल में मोटर कम क्षमता की डाले जाने के कारण जल रही है। इसके कारण उनको पानी नहीं मिलता। उन्होंने बताया कि मोटर 25 एचपी की डाली गई थी। वह जल गई। इसके कारण अब फिर उनको पेयजल की किल्लत बनी है। उनकी मांग है कि गांव के खेतों में ट्यूबवेल पर 50 एचपी की मोटर चल रही हैं। इतनी ही क्षमता की मोटर गांव में पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए ट्यूबवेल में डाली जाए। गांव के लगभग 500 घरों के तीन हजार लोगों को पेयजल की लिए किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जेई को भी कई बार ज्यादा क्षमता की मोटर डलवाने का आग्रह कियाए लेकिन उनकी सुनवाई नहीं की गई।

### 500 घरों के सामने पानी का संकट

ग्रामीणों ने बताया कि उनके 500 मकानों में पानी नहीं मिल रहा। इसके लिए विभाग एक या कभी दो टैंकर पानी के भेजता हैए जोकि जरूरत के अनुसार बेहद कम है। यह भी प्रतिदिन नहीं भेजा जा रहा है। कभी सप्ताह में दो तो कभी तीन बार भेजा जाता है। इसके कारण लोगों को पीने का भी पूरा पानी उपलब्ध नहीं हो पाता।

### महिलाओं ने किया हंगामा पुलिसकर्मियों ने समझाया

समाधान शिविर में जहां पर एडीसी विवेक आर्य आमजन की समस्याएं सुन रहे थे। वहां पर एक साथ 100 से ज्यादा महिला व पुरूषों के जाने से अव्यवस्था हुई और महिलाओं ने पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए एडीसी से मिलने की जिद्द कीए जबकि गांव के कुछ पुरूष व महिला पहले ही एडीसी से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान बाहर खड़ी महिलाओं ने एडीसी के पास जाने की जिद्द की तो पुलिस कर्मियों ने महिलाओं के रोष को देखते हुए संभाला।

# आठ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। हैल्प डैस्क पर जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आठ मार्च को जींदए नरवाना एवं सफीदों न्यायिक परिसर में किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के अन्र्तगत प्राधिकरण की तरफ से जिला न्यायालय परिसर तथा एडीआर सैंटर जींद में हैल्प डैस्क स्थापित किए गए हैं। जिसमें कोर्ट परिसर में आने वाले लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जागरूक किया जा रहा है और लोक अदालत के फायदे भी बताए जा रहे है। हैल्प डैस्क में एक रिटेनर अधिवक्ता व एक अधिकारी मित्र की डयूटी लगाई गई है। प्राधिकरण सचिव ने आह्वान किया कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत को एक उत्सव की तरह मनाना चाहिए और इसमें अधिक से अधिक मामलों का निपटारा करवाने के लिए सभी को बढ़. चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए विभिन्न बैंकों, सरकारी विभागों इत्यादि के उच्च अधिकारियों के साथ समाजस्य स्थापित करने का प्रयास किया गया।

### सुपरवाइजर के पास हाजिरी लगवाने पर हुए लामबंद

**जींद।** जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों की हाजिरी सुपरीवाइजर के पास लगवाने के खिलाफ लामबंद होकर डिप्टी सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि सुपरवाइजर उनको हाजिरी के नाम पर प्रताड़ित करता है। वह उनके पास हाजिरी लगवाने के विरोध में हैं। अस्पताल के कर्मियों ने सोमवार को दोपहर को एकजूट होकर इस मामले की शिकायत डिप्टी सिविल सर्जन डा. पालेराम कटारिया को की और अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। इसके बाद डिप्टी सिविल सर्जन ने लिखित में देने की बात कही। इस पर अस्पताल के कर्मचारियों ने शिकायत में बताया कि उनकी हाजिरी पहले मैटर्न कार्यालय में लगती थी।

# सीआरएसयू में इंटर्नशिप कार्यक्रम आयोजित

- मैनेजमेंट एवं कॉमर्स डिपार्टमेंट के विद्यार्थियों के लिए आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल चौधरी रणबीर सिंह विवि द्वारा मैनेजमेंट एवं कॉमर्स डिपार्टमेंट के विद्यार्थियों की इंटर्नशिप के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बैनेट एंड कॉलम कंपनी के असिस्टेंट जनरल मैनेजर मार्केटिंग शलभ गुप्ता ने विद्यार्थियों के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने इंटर्नशिप के महत्व एवं प्लेसमेंट के लिए इसकी आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस आयु में विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा मेहनत करनी चाहिए एवं आराम को न्यूनतम आवश्यक समय ही देना चाहिए। उन्होंने बताया कि बैनेट एंड कॉलम विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के समय परफॉर्मेंस बेस इंसेंटिव प्रदान करती है। जिससे विद्यार्थी न केवल अपना खर्चा निकालते हैं अपितु साथ ही आने वाले जीवन में कॉरपोरेट सेक्टर में नौकरी लगने के बाद इंसेंटिव कमाने के तरीकों को भी सीखते हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी की स्थापना 1838 में हुई। तब से लेकर आज तक यह है अपने उच्चतम मानदंडों को लेकर मार्केट में एक ऊंचा स्थान बनाए हुए हैं।

# समारोह में हुए रंगारंग कार्यक्रम

- सनातन धर्म कन्या महिला महाविद्यालय में हुआ समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



नरवाना। समारोह में मुख्यअतिथियों को सम्मानित करते हुए।

सनातन धर्म कन्याध्महिला महाविद्यालय में आज महाविद्यालय को पूरे जीन्द विश्वविद्यालय में सर्वोत्तम ग्रेड बी प्लस प्लस मिलने पर तथा विद्यालय के नवनिर्मित हाल के उद्घाटन के उपलक्ष्य में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कुलपति चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा हिसार डॉ राधेश्याम शर्मा ए व विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्था के वरिष्ठ सदस्य लाला सीताराम व एस डी कालेज अम्बाला के प्रोफेसर डॉ गिरधर गोपाल ने शिरकत की। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विशिष्ट अतिथि सीताराम ने अपनी स्वर्गीय पत्नी शांति देवी की पुण्य स्मृति में छह लाखए ग्यारह हजार रुपये की राशि देकर विद्यालय के हाल का निर्माण करवाया। इन्होंने संस्था में स्थित पीरबाबा की सवामणी लगाकर पूरी संस्था के स्टाफ सदस्योंए विद्यार्थियों को लड्डू का प्रसाद वितरित करवाया।

### मैढ सुनार सभा का रक्तदान कैंप 23 को

**जींद।** आगामी 23 मार्च को शहीद-ए-आजम भगत सिंह के बलिदान दिवस पर शहीदों की याद में मैढ सुनार सभा जींद द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह निर्णय सभा के प्रधान सत्यनारायण सोनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए सभा के महासचिव राममेहर वर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविर का उद्घाटन हरियाणा विधान सभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्णलाल मिड्ढा करेंगे। इस अवसर पर महाराज अजमीढ़ भवन एवं सुनार धर्मशाला के प्रथम चरण के कार्य का उद्घाटन तथा द्वितीय चरण के कार्य का शुभारंभ भी विधानसभा उपाध्यक्ष द्वारा किया जाएगा।

# एनएसएस शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। स्वयंसेवकों को सम्मानित करते हुए।

राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत अलेवा के राजकीय महाविद्यालय द्वारा गांव अलेवा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के सातवें और अंतिम दिन की शुरुआत प्रार्थना, योगासन और एनएसएस गीत के साथ हुई। जिससे स्वयंसेवकों में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार हुआ। सोमवार की गतिविधियों की रूपरेखा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. मनोज कुमार ने प्रस्तुत की। सबसे पहलेए डा. सोनू ने स्वयंसेवकों को जीवन में अनुशासन के महत्व के बारे में बताया और अनुशासन को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने गांव भ्रमण किया। जहां उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण, मतदाता जागरूकता और नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक किया। गांव के सरपंच विनोद ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया और समाज सेवा व अनुशासन के पथ पर आगे बढने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान गांव के कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस अभियान की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए प्रोत्साहित किया।



### अग्रमठ सृजन उत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

**जींद।** आगामी 18 मई को चंडीगढ़ में आयोजित होने वाले अग्रमठ सृजन उत्सव की तैयारियों को लेकर अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश गर्ग विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। इसी कड़ी में वे सोमवार को जींद पहुंचे जहां उन्होंने अग्रवाल समाज के वरिष्ठ नेता महावीर गुप्ता के प्रतिष्ठान पर समाज के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में अग्रवाल समाज के विभिन्न विषयों और उत्सव की तैयारियों पर चर्चा की गई। गर्ग ने कहा कि पंचकूला में ऐतिहासिक अग्रमठ बनाया जाना प्रस्तावित है। इस अग्रमठ बनाए जाने को लेकर 18 मई को चंडीगढ़ में पूरे देश से अग्रवाल समाज के वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक बुलाई गई है। इस बैठक को अग्रमठ सृजन उत्सव नाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि सृजन उत्सव अग्रवाल समाज की संस्कृति और इतिहास को संरक्षित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों से इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में चंडीगढ़ पहुंचने का आह्वान किया। बैठक के दौरान समाज के उत्थानए नई योजनाओंए युवा पीढ़ी की भागीदारी और समाज के संगठन को और मजबूत करने को लेकर भी चर्चा हुई।

# कानों की नियमित जांच जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। कानों की सुरक्षा को लेकर जानकारी देते हुए डा. अरविंद।

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में सोमवार को विश्व श्रवण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने की। जबकि डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी व नाक, कान व गला विशेषज्ञ डा. अरविन्द ने आमजन को विश्व श्रवण दिवस बारे विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में ईएनटी डा. बृजेंद्र घनघस, फिजिशियन डा. विनीता यादव, मैट्रन इंद्रो, आईसीएन सुनीता दूहन, मेडिकल सोशल वर्कर सुनील सैनी, नर्सिंग ट्यूटर संजू, सहायक सुनील, मनजीत, हरियाणा कौशल कर्मचारी, नर्सिंग स्टूडेंट, फार्मेसी स्टूडेंट आदि उपस्थित रहे।

डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि हर वर्ष तीन मार्च को विश्व श्रवण दिवस मनाया जाता है। हर वर्ष अलग-अलग थीम के साथ लोगों को जागरूक किया जाता है। इस वर्ष की थीम है मानसिकता बदलें, स्वयं को सशक्त बनाएं। डा. भोला ने कहा कि कई बार जब तक हमें पता चलता है कि वाकई सुनने में कोई दिक्कत हो रही है तब तक कान के 30 फीसदी हियर सेल्स नष्ट हो चुके होते हैं। इसलिए शरीर के सभी अंगों की तरह अपने कानों का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए।

कान व गला विशेषज्ञ डा. अरविन्द ने बताया कि कान में किसी भी तरह की समस्या हियरिंग लॉस का कारण बन सकती है।



### अगर हम खुद की और समाज की सूरत बदलना चाहते हैं तो पहले सीरत बदलनी होगी : अनिल मलिक

**जींद।** गांव अमरहेड़ी में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद कि राज्य स्तरीय परियोजना बाल सलाह परामर्श कल्याण केंद्र के सहयोग से राजीव गांधी कल्याण संस्थान द्वारा सकारात्मक परिवर्तन विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यअतिथि एवं मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचे मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक अनिल मलिक ने उपस्थित महिलाओं एवं बेटियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी काम को और बेहतर तरीके से करने में खुद को सक्षम बनाना और अधिक सीखना ही कौशल विकास है। जो बेरोजगारी अल्प रोजगार को तो काम करता ही है। किसी भी कार्य क्षेत्र में उत्पादकता भी बढ़ा सकता है और जीवनस्तर में सुधार भी ला सकता है। जीवन के स्तर को ऊंचा उठाने हेतु कम से कम भाषा कौशल अधूरा ना रह पाए, उसके लिए भरसक प्रयास करें, सीखें, विकसित करें, सुनने, बोलने और लिखने में पूर्ण दक्षता हासिल करें। महिलाओं में आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास जागृत करने की आवश्यकता है, यही सही मायने में महिला सशक्तिकरण भी है।



### राजकीय महाविद्यालय में छात्राओं ने सीखे योग के गुर

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में उप प्राचार्य मनीष कुमार की अध्यक्षता व महिला प्रकोष्ठ विभाग के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष गतिविधियों का आगाज योग ट्रेनिंग कैंप से हुआ। महाविद्यालय के उपप्राचार्य मनीष कुमार ने इस अवसर पर महिला फिटनेस के महत्व पर चर्चा की। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डा. प्रेम पूनम ने बताया कि आगामी नौ मार्च तक महिला प्रकोष्ठ विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियां करवाई जाएंगी। जिसका उद्देश्य महिला फिटनेस बताया गया है। सोमवार को पहले दिन योग ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें कॉलेज की स्नातक व स्नातकोत्तर की 19 छात्राओं ने भाग लिया। रिसोर्स पर्सन पुष्पा ढांडा ने छात्राओं के लिए योग का महत्व और अनिवार्यता पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। योगा ट्रेनर बबली ने लड़कियों को योग सिखाने का कार्य किया।

**स्वच्छता** प्रशासन ने उझाना ब्लॉक के गांव पिपलथा में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमैंट यूनिट स्थापित की

# जिला के गांव अब शहर की तर्ज पर साफ और स्वच्छ होंगे

- उझाना ब्लॉक के गांव पिपलथा में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमैंट यूनिट स्थापित हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। पिपलथा गांव में स्थापित की गई प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमैंट यूनिट।

जिला के गांव भी अब शहर की तर्ज पर साफ और स्वच्छ होंगे। गांव में भी अब पॉलीथिन और अन्य प्लास्टिक का सामान दिखाई नहीं देगा। इसको लेकर प्रशासन ने उझाना ब्लॉक के गांव पिपलथा में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमैंट यूनिट स्थापित की है। यहां आसपास के गांव से प्लास्टिक के कचरे को एकत्रित कर लाया जाएगा और उसके बाद यहां अलग-अलग उसका निपटारण कर उसे आगे बेच दिया जाएगा। इससे जहां पंचायत की आमदनी होगी वहीं गांव के लोगों को रोजगार भी मिलेगा। इस यूनिट का फायदा उझाना ब्लॉक के 20 गांव के लोगों को होगा। जिला प्रशासन ने गांव को प्लास्टिक मुक्त वातावरण और प्रभावी कचरा प्रबंधन प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पहल शुरू की हैं। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत की गई पहल से स्वच्छता और रोजगार सृजन में सुधार होगा। प्रशासन ने प्लास्टिक कचरे को कुशलतापूर्वक संसाधित करने के लिए प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई स्थापित की हैं। जिले में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमैंट यूनिट स्थापित करने के लिए प्रशासन ने जमीन मांगी थी। इस पर पिपलथा गांव की पंचायत ने बिल्डिंग मुहैया करवा दी। इसके बाद प्रशासन ने 16 लाख रुपये की लागत से यूनिट में तीन मशीन भिजवा दी। इन तीन मशीन अलग-अलग कार्य करेंगी। शुरुआत में फटका मशीन पॉलीथिन, बोतल और अन्य प्लास्टिक के सामान से मिट्टी या गंदगी को साफ करेगी। उसके बाद कट्टर मशीन की मशीन प्लास्टिक के सामान की कटाई करेगी। तीसरी कंप्रेशर मशीन है जो कि प्लास्टिक के सामान की प्रेशर के माध्यम से गांठ बना देगी। इसके बाद उसे बेच दिया जाएगा।

### मूनक की यूनिट का सर्वे कर शुरू किया कार्य

पिपलथा गांव में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमैंट यूनिट स्थापित होने के बाद वहां बेहतर ढंग से प्लास्टिक का निपटारण करने को लेकर स्वच्छ भारत मिशन की टीम पंजाब के मूनक शहर में लगी यूनिट का दौरा किया। टीम ने वहां जाकर प्लास्टिक के निपटारण की पूरी प्रक्रिया देखी। इस दौरान वहां कर्मचारियों ने बताया कि यूनिट में मुख्य कार्य प्लास्टिक को अलग-अलग करना है। शुरुआत में सफेदए काले और अन्य रंग के पॉलीथिन को अलग किया जाएगा। इसके अलावा अन्य प्लास्टिक के सामान को भी अलग किया जाएगा। फिर मशीनों के माध्यम से प्लास्टिक का निपटान कर दिया जाएगा।

### प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमैंट यूनिट स्थापित की : अंजलि

स्वच्छ भारत मिशन की समन्वयक अंजलि ने बताया कि उझाना ब्लॉक के पिपलथा गांव में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमैंट यूनिट स्थापित की है। यहां पर प्लास्टिक के निपटारे का कार्य शुरू हो चुका है। इसका उद्देश्य गांव को प्लास्टिक मुक्त वातावरण देने और कचरे का प्रबंधन करना है।

## खबर संक्षेप

### कार की चपेट में आने से स्कूटी चालक घायल

**कैथल।** गांव माजरा रोहेडा में कार के चपेट में आने से एक स्कूटी चालक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव रोहेड़ा के जय भगवान ने राजौंद पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि जब वह 1 मार्च को सायं के समय गांव से जा रहा था तो अननास के कार् चालक गजराज ने अपनी गाड़ी को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी जिसमें वह घायल हो गया। सब इंस्पेक्टर ईश्वर सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### छात्राओं को दी मासिक धर्म से संबंधित जानकारी

**कैथल।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं विधिक सेवाएं प्राधिकरण सचिव रीतू ने बताया कि कानूनी अभियान स्वास्थ्य सखी मासिक धर्म स्वच्छता के लिए बाधाओं को तोड़ना के अभियान के तहत फरवरी माह में महिलाओं और स्कूल की बालिकाओं को मासिक धर्म से संबंधित जानकारियां दी गई। उन्हें इस संदर्भ में स्वस्थ रहने तथा बेहतर आहार लेने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें समझाया गया कि मासिक धर्म के बारे में जानकारी की कमी के परिणामस्वरूप अस्वच्छ और अस्वास्थ्यकर मासिक धर्म प्रथाएं और नकारात्मक दृष्टिकोण पैदा होते है, जो दूसरों के बीच शर्मिंदगी, धमकाने और यहां तक कि लिंग आधारित हिंसा को प्रेरित करते हैं।

### बाइक की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** कैथल के चंदन बाईपास पर बाइक की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया। इस संबंध में फ्रांस वाला के साहिल कुमार ने कैथल शहर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 28 फरवरी को जब सायं के समय वह चंदन बाईपास रोड से जा रहा था तो एक अज्ञात बाइक चालक ने अपनी बाइक को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उसे चपेट में लेकर घायल कर दिया। बाद में आरोपी बाइक चालक मौके से फरार हो गया। एएसआई जयपाल ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरों ने दो बाइक को बनाया निशाना

**कैथल।** जिले में दो अलग-अलग स्थानों से चोर दो बाइक चुरा कर ले गए। पहले मामले में पट्टी अफगान कैथल के लोकराज ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि कर 28 फरवरी को न्यायिक परिसर कैथल के निकट खड़ी उसकी बाइक चुरा कर ले गए। सब इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 9 किसानों के खेतों से तार व अन्य सामान चुराया

**कैथल।** गांव सिसमोर से चोर 2 मार्च की रात को 9 किसानों के खेतों में लगी बिजली की तार, स्टार्टर, पंखे व अन्य सामान चुरा कर ले गए। गांव सिसमोर के भूपेंद्र ने तितरम पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 2 मार्च की रात को कर उसके तथा अनिल, दिनेश, वजीरा, महिपाल शमशेर, सलिंदर तथा हरि सिंह के खेतों में लगी बिजली की तार व अन्य सामान चोरी कर लिया।

## बार परिसर में शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन

# जिला बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी ने आज विधिवत रूप से कार्यभार संभाल लिया है। इस बारे में बार परिसर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सैशन जज रितु वाईके बहल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुईं जबकि अध्यक्षता नव नियुक्त प्रधान संदीप शर्मा ने की। सैशन जज के साथ एडीजे डा. नंदिता कौशिक, अनुपामिश मोदी, विवेक यादव, अमित गर्ग, प्रिंसीपल जज फैमिली कोर्ट देवेन्द्र सिंह, एसीजेएम डा. अमनइंद्र सिंह, सीजेएम विनोद कुमार, रितु सचिव डीएलएसए, जेएमआईसी रेखा चौधरी, संदीप कौर, अंकिता महाजन, तुषार शर्मा, प्रिंस कुमार, पब्लिक यूटीलिटी चेयरमैन भूपेद्र नाथ, प्रशिक्षु जज माधव मित्तल, जसमिन, साक्षी मैंगी, गुंजन ठाकुर भी उपस्थित रहे। सबसे पहले



**कैथल।** संदीप शर्मा को चार्ज देते हुए पूर्व प्रधान बलजिन्द्र मलिक।

पिछली कार्यकारिणी के प्रधान बलजिंदर सिंह मलिक ने जजों का स्वागत किया। उन्होंने नई कार्यकारिणी को भी बधाई दी। अपने संबोधन में मलिक ने कहा कि उनका कार्यकाल बहुत बेहतर रहा जिसमें बार और बेंच के बीच बेहतर तालमेल रहा। उन्होंने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां भी हाउस के सामने रखी। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि नई कार्यकारिणी भी बेहतरीन काम करेगी और बार-बेंच के संबंधों को बेहतरी से कायम रखेगी। इसके पश्चात पूर्व प्रधान बलजिंद्र मलिक, उप प्रधान विनय गर्ग, सचिव गौरव वधवा, सह सचिव सुमन ठाकुर कोषाध्यक्ष इंद्रजीत माटा ने सैशन जज की उपस्थित में नव नियुक्त प्रधान संदीप शर्मा, उप प्रधान हेमराज वधवा, सचिव सचिन सिंघल, सह सचिव अमित रोहिला और कोषाध्यक्ष दिनेश भाटिया को चाबी सौंपी। इस पर नवनियुक्त प्रधान संदीप शर्मा ने पिछली कार्यकारिणी व सभी वकीलों का आभार व्यक्त किया।

### शीघ्र होगा नए चैंबरों का निर्माण : संदीप शर्मा

संदीप शर्मा ने कहा कि वे वकीलों की बेहतरी के लिए काम करेंगे। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि यहां वकीलों के लिए चैंबरों की भारी कमी है। इसके लिए वे प्रयास करके अपने कार्यकाल में ही निर्माण कार्य शुरू करवा देंगे। इस बारे में दो दिन पहले वे चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिले थे। नायब सैनी ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि कैथल में नए चैंबरों का निर्माण शीघ्र करवा दिया जाएगा। नई कार्यकारिणी की ओर से सभी जजों को सम्मानित किया गया। सैशन जज रितु वाईके बहल ने कहा कि कैथल की बार हरियाणा की बेहतरीन बारों में से एक है। पिछली कार्यकारिणी के साथ उनका बहुत अच्छा तालमेल रहा है। इसी प्रकार नई कार्यकारिणी के साथ भी वे अपनी टीम के साथ तालमेल बनाकर रखेंगे।

### बच्चों के आधार कार्ड तथा बायोमैट्रिक अपडेट पर किया जाए फोकस

**कैथल।** आधार कार्ड नामांकन की स्थिति को जानने और पारिस्थितिकी तंत्र को ओर अधिक मजबूत करने के लिए सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने की। बैठक में आधार सत्यापन के लिए क्यूआर कोड के उपयोग सहित आधार प्रमाणीकरण और आधार ऑफलाइन सत्यापन पर चर्चा की गई। एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने स्वास्थ्य विभाग को नवजात शिशुओं और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के नामांकन के लिए अस्पतालों और टीकाकरण केंद्रों में आधार शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। यूआईडीएआई आरओ चंडीगढ़ के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरव शर्मा ने आमजन से विभिन्न सरकारी सुविधाओं का निर्बाध रूप से लाभ उठाने के लिए आधार में अपना मोबाइल नंबर और दस्तावेज अपडेट रखने की अपील की। उन्होंने हमें बताया कि दस्तावेज अपडेट सुविधा 14 जून 2025 तक निःशुल्क है। आधार कार्ड नामांकन की स्थिति को जानने ओर अधिक मजबूत करने के लिए किया गया बैठक का आयोजन।

## न्यूज डायरी



**कैथल।** कैथल पहुंचे सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के नेता स्वामी आर्यवेश

### सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि स्वामी आर्यवेश पहुंचे कैथल

**कैथल।** आर्य समाज के सर्वोच्च संगठन सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के नेता स्वामी आर्यवेश सोमवार को कैथल पहुंचे व रोहतक के टिटोली स्थित स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ आश्रम में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय आर्य विद्वत महासम्मेलन का निमंत्रण दिया। उनके साथ आयोजन समिति के सदस्य सत्यवीर आर्य, राष्ट्रपति से सम्मानित जगमती मलिक, मोहित मलिक, सूबे सिंह, अमर राविश, प्रधान प्रद्युमन आर्य, श्यामलाल आर्य, अमित गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। आर्य समाज के नेता स्वामी आर्यवेश ने बताया कि आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती जी के 200 वें जन्म जयंती वर्ष एवं आर्य समाज स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एवं स्वामी इंद्रवेश जी के 88वें जन्म दिवस के उपलक्ष में अंतरराष्ट्रीय आर्य विद्वत महासम्मेलन का आयोजन सात से नौ मार्च को स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ आश्रम टिटोली रोहतक में किया जाएगा। जिसका शुभारंभ विश्व विख्यात योग गुरु स्वामी रामदेव सात मार्च को सुबह साढ़े 10 बजे करेंगे। जबकि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी तथा शहीदे आजम भगत सिंह के भतीजे सरदार किरणजीत सिंह आठ मार्च को मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगे। आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण समापन समारोह के मुख्य अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक स्वामी आदित्यवेश ने बताया कि आर्य नेता स्वामी आर्यवेश इस पुरे कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

### फिट इंडिया मिशन के तहत सभी साइक्लिंग क्लब व समूह फिट इंडिया पोर्टल पर करें पंजीकरण : राजरानी

**कैथल।** कैथल 3 मार्च। जिला खेल अधिकारी राजरानी ने बताया कि फिट इंडिया मिशन प्रधानमंत्री के फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज मंत्र के माध्यम से फिटनेस को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुरूप, एक स्वस्थ और अधिक सक्रिय भारत को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री द्वारा शुरू की गई संडे ऑन साइकिल पहल, समुदायों को रविवार को इस स्वस्थ और टिकाऊ गतिविधि के लिए समर्पित करके साइकिल चलाने को प्रोत्साहित करती है। जिससे फिटनेस और पर्यावरणीय जिम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए फिट इंडिया मिशन सभी साइक्लिंग क्लबों/समूहों को फिट इंडिया पोर्टल पर पंजीकरण करने के लिए आमंत्रित करता है। इसके लिए फिट इंडिया डाट जीओवी डाट इन पर विजिट करें।

### बाइक चोरी करने के अलग अलग मामलों में 2 काबू

**कैथल।** बाइक चोरी करने के मामले की जांच चौकी भागल पुलिस के एचसी सुशील कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव सिंहाली निवासी गुरदेव सिंह उर्फ काला को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव भागल निवासी रणबीर सिंह की शिकायत अनुसार 30 दिसंबर 2024 को घर के बाहर से अज्ञात व्यक्ति उसकी बाइक चोरी कर ले गए। जिस बारे थाना चीका में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी किसी अन्य मामले में कैथल जेल में बंद था, जिसकी उक्त मामले में गिरफ्तारी के लिए माननीय न्यायालय की मार्फत प्रोडक्शन वारंट जारी करवाए गए थे। पूछताछ दौरान आरोपी गुरदेव के कब्जे से पंजाब से चोरीशुदा 2 बाइक बरामद की गई। दूसरे मामले में थाना शहर पुलिस के पीएसआई गगनदीप टीम ने मानस पट्टी कैथल निवासी मोनू को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव सिल्ला खेड़ा निवासी राजेंद्र सिंह की शिकायत अनुसार 28 फरवरी को पटवार भवन के सामने से अज्ञात व्यक्ति उसकी बाइक चोरी कर ले गया। जिस बारे में थाना शहर में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी मोनू के कब्जे से चोरीशुदा बाइक बरामद कर ली गई। दोनो आरोपी अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए।

# अकाल अकादमी हाबड़ी में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

अकाल अकादमी हाबड़ी के विज्ञान विभाग द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को रोचक नाटकों और प्रोजेक्ट्स के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति जागरूक करना और महान वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन के योगदान को समझाना था। विद्यालय की



हाबड़ी अकाल अकादमी में आयोजित बच्चे विज्ञान प्रदर्शनी में

प्रधानाचार्या गुरप्रीत कौर ने इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए डॉ. रमन की वैज्ञानिक उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों ने पोषक तत्वों का महत्व विषय पर एक नाटक प्रस्तुत किया। जिसमें भोजन में मौजूद विभिन्न पोषक तत्वों के हमारे शरीर पर प्रभाव को दर्शाया गया।



### ग्रामीणों को किया नशा न करने बारे जागरूक

**कैथल।** सोमवार को पीएसआई रामलाल, एएसआई ओमप्रकाश व होमगार्ड शमशेर सिंह की टीम द्वारा खरौदी, सैर, खरकड़ा, खम्बेड़ा, ढाबा, चाबा, मलिकपुर व महमूदपुर में पुलिस की पाठशाला प्रोग्राम आयोजित करके आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील गई। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई कि नशा समाज के लिए अभिशाप बन चुका है नशा लाखो परिवार बर्बाद कर चुका है और कर रहा है जिसकी वजह से हर साल हजारों नवयुवक नशे की दलदल में फंसकर अपनी जान गँवा बैठे है। युवा देश की नींव है और हमारा युवा को नशा पकड़े हुए है जोकि देश के भविष्य के लिए बहुत बड़ा खतरा है और नशा देश की नींव को कमजोर कर रहा है ऐसे में हमें हर हाल में नशे की लत को छोड़ना होगा।

### विद्यार्थियों को प्रिंट मीडिया के बदलते रूप और चुनौतियों को समझना जरूरी: सुरेश सिसोदिया

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के जनसंपर्क विभाग की तरफ से प्रिंट मीडिया और रिपोर्टिंग के महत्व पर सोमवार को विस्तार व्याख्यान आयोजित हुआ। इसमें विशेष तौर पर वरिष्ठ पत्रकार सुरेश सिसोदिया ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ प्रिंट मीडिया के इतिहास और वर्तमान परिप्रेक्ष्य पर विचार साझा किए। कार्यक्रम में विशेषज्ञ ने मीडिया रिपोर्टिंग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और विशेष रूप से हिंदी पत्रकारिता के योगदान पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि आज के डिजिटल युग में प्रिंट मीडिया के बदलते रूप और उसकी चुनौतियों को समझना जरूरी है। किसी भी प्रकार के मीडिया में काम करने के लिए अच्छी शिक्षा का होना जरूरी है। क्योंकि जब आपके पास एक अच्छा शब्दकोश होगा, उतना अच्छा समाचारए लेख आप लिख पाएंगे। अपनी लेखनी से सामने वाले को प्रभावित कर पाएंगे उन्होंने विद्यार्थियों को जमीनी स्तर की पत्रकारिता करने के लिए प्रेरित किया। जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अजमेर सिंह ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रिंट मीडिया की भूमिका और उसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों से अवगत कराना था ताकि वे पत्रकारिता के क्षेत्र में अपने करियर को बेहतर तरीके से आगे बढ़ा सकें। इस अवसर पर डा. बलराम बिंद, सहायक प्रध्यापक डा. प्रदीप कुमार, दीपक अरोड़ा, ट्विंकल, पूनम खटकड़, सत्यव्रत, विजय लक्ष्मी, डा. गौरव नरवाल मौजूद रहे।

### टूटी हुई पुलिया दे रही हादसों को न्योता

**राजौंद।** राजौंद के वार्ड नंबर 11 में वाल्मीकि चौपाल के पास की गली की टूटी हुई पुलिया पिछले काफी दिनों से हादसों को निमंत्रण दे रही है।इस टूटी हुई पुलिया को रिपेयर करवाने को लेकर वार्ड निवासी रमेश ,काला ,कृष्ण, सुभाष ,महिपाल ,सुरेश फौजी, सुखवीर, सुशील वाल्मीकि पूर्व पार्षद प्रतिनिधि ने कहा की टूटी पुलिया हर समय खतरे का कारण बन रही है। उन्होंने कहा इस बारे प्रशासन को भी अवगत करवाया गया है। लेकिन पुलिया का निर्माण नहीं किया जा रहा। यहां लोगों को बहुत असूविद्या होती है इसके कारण कई लोग चौटिल भी हो चुके हैं। जब चौपाल में कार्यक्रम होते हैं तो और भी मुश्किल बढ़ जाती हैं। इन लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि यहां टूटी पुलिया के शीघ्र रिपेयर करवाकर लोगों को इस समस्या से निजात दिलाई जाए।



वार्ड नंबर 11में टूटी हुई पुलिया का दृश्य।

# कल के लिए बचाएं जल : दीपक कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सोमवार को जल जीवन मिशन के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से गुहला बीडीपीओ सभागार में में एकदिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन करवाया गया। कार्यशाला में गुहला खंड के 22 गाँवों के सरपंचों, पंचों, ग्राम सचिवों व स्वयं सहायता समूह ने भाग लिया। कार्यशाला की अध्यक्षता उपमंडल अभियंता इंद्राज सिंह ने की ने की। वहीं प्रशिक्षण कार्यशाला में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि जल और जीवन एक-दूसरे के पूरक हैं। प्रकृति के हर कोने में प्रत्येक जीव-जंतु, वनस्पति में पानी अत्यावश्यक घटक है। पानी जीवन का आधार है। अल्लू में 80 प्रतिशत और टमाटर में 90 प्रतिशत पानी है मानव शरीर में 70 प्रतिशत से अधिक पानी रहता है। जो साग-.फल हम खाते हैं, उसका भी बड़ा हिस्सा पानी ह। यहां-वहां जहां देखो पानी ही पानी है, लेकिन हर जगह रंग-रूप और अवस्थाएं अलग हैं। दीपक कुमार ने बताया कि पृथ्वी का 97.3 फीसदी अपनी महासागरों और अंतदेर्शीय महासागरों में ही है।




**कैथल।** उपस्थितजनों को जल जीवन मिशन के तहत प्रशिक्षण देते हुए जिला

### मांगों को क्लेरिकल एसोसिएशन ने जताया रोष

**कैथल।** लोक एवं भवन निर्माण विभाग की क्लेरिकल एसोसिएशन की सोमवार को विश्राम गृह में राज्य कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसमें कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर अधीक्षक अभियंता परिमंडल अंबाला से मुलाकात की। सभी कर्मचारियों ने राज्य प्रधान जगदीश फौजी के नेतृत्व में अपनी मांगों को लेकर रोष प्रकट किया और कई मांगों को लेकर अधीक्षक अभियंता को ज्ञापन सौंपा। मांगों में मुख्य रूप से लिपिक वर्ग, अधीक्षक तक प्रमोशन,लिपिक की ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी में बदलाव किया गया। लिपिक वर्ग की वरिष्ठ सूची जारी की जाए और इसके अलावा भी लिपिक वर्ग के हितों के बहुत से मुद्दों पर चर्चा की गई। संगठन ने अधीक्षक अभियंता को बताया कि पीडब्लूडी लोक व भवन निर्माण विभाग में लिपिक पदों पर पांच साल में प्रमोशन है जब कि सिंचाई विभाग में दो साल और पब्लिक हेल्थ में तीन साल है। उन्होंने अधीक्षक अभियंता से आग्रह किया कि पीडब्ल्यूडी सिंचाई विभाग की तर्ज पर लिपिक से उपमंडल लिपिक के पद पर दो साल में प्रमोशन की जाए। सिंचाई विभाग की तर्ज पर लिपिक वर्ग की ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी बनाए जाए जिसमें तीन साल में इच्छानुसार और पांच साल में अनिवार्य रूप से ट्रांसफर की जाए। इस मौके पर राज्य प्रधान जगदीश फौजी के साथ पंकज कंबोज, शिव कुमार, ऋषि धनखड़, बिट्टू चीका, सुभाष शर्मा, रवि, प्रवीण, मनोज, सतीश व अन्य साथी मौजूद रहे।

# एनसीसी कैडेट्स ने किया ग्रामीणों को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रजौंद

गांव जाखौली के आदर्श स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने सामाजिक जागरूकता अभियान के तहत गांव किछाना व माजरा गांव में ग्रामीणों को जागरूक किया। कार्यक्रम में किछाना के सरपंच प्रतिनिधि सतपाल सिंह व गांव माजरा नंदकर्ण के सरपंच श्याम लाल ने विशेष रूप से शिरकत की और छात्र छात्राओं को संबोधित



किया। इस दौरान कैडेट्स ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाई और ग्रामीणों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा के महत्व बारे बताया। सरपंच सतपाल ने कहा कि युवा शक्ति देश का भविष्य है और इस तरह के अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करते हैं। माजरा के सरपंच श्याम लाल ने छात्र छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि एनसीसी कैडेट्स अनुशासन और सेवा की भावना के साथ समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स समय-समय पर इस तरह की गतिविधियों में भाग लेकर समाज में अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं।

### मजदूर आज लेंगे आक्रोश प्रदर्शन में भाग : संदीप

**जींद।** निर्माण मजदूरों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर श्रम मंत्री के आवास पर चार मार्च को होने वाले प्रदर्शन की तैयारियां पूरी हो चुकी है। हजारों मजदूर इस आक्रोश प्रदर्शन में जींद से भाग लेंगे। जिला सचिव संदीप जाजवान ने बताया कि प्रदेश की बीजेपी सरकार द्वारा हजारों निर्माण मजदूरों के पंजीकरण को रद्द कर दिया है।

# महिला से की छेड़छाड़ विरोध पर दरांती से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के एक गांव में खेत में जा रही महिला से एक आरोपी ने छेड़छाड़ करने की कोशिश की। महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने उस पर दरांती से हमला कर दिया। दरांती उसके हाथ और सिर पर लगी, जिससे उसके हाथ की हड्डी कट गई। इस संबंध में महिला शिकायत लेकर सदर थाने पहुंची।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। 40 वर्षीय महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि कल वह घास काटने के लिए खेत में जा रही थी। इस दौरान उसी गांव के रोहित ने उसके साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की। जब उसने आरोपी से खुद को छुड़ाने की कोशिश की तो आरोपी ने उसके हाथ से दरांती छीन ली। उसने उसके हाथ और सिर पर वार कर दिया। इससे उसके हाथ की हड्डी कट गई।

### पुलिस कर रही मामले की जांच

सदर थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि इस संबंध में महिला ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यक्रम** — एडीसी ने ली कुपोषण मुक्त गांव अभियान के तहत अधिकारियों की बैठक

# सत्रह गांवों को कुपोषण मुक्त करने के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों ने लिया गोद : दीपक बाबू

- गोद लिए गए गांवों को दौरा कर बच्चों के माता-पिता से बातचीत करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे कुपोषण मुक्त गांव अभियान के तहत सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में एडीसी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एडीसी ने कहा कि डीसी प्रीति के दिशा निदेर्शानुसार गांवों को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए



**कैथल।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए

अधिकारियों द्वारा गोद लिया गया है। डीसी द्वारा गांव किठाना व कसान को, एडीसी द्वारा मांझला व जडौला, नगराधीश द्वारा गांव सेगा, एसडीएम गुहला द्वारा गांव रिवाड़ जागीर व पोलड़, एसडीएम कलायत द्वारा गांव ढुंढवा व शिमला, कैथल एसडीएम द्वारा गांव कुलतारण व पाई तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा रत्ता खेड़ा लुकमान गांव गोद लिया गया है।

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने सभी एसडीएम तथा नगराधीश को आदेश दिए कि वे स्वयं गांव का दौरा करें और कुपोषण विषय पर बैठकें आयोजित करके कुपोषण को कम किया जाए। अधिकारी अपने दौरे के दौरान बच्चों के माता-पिता से बातचीत करें और आंगनबाड़ी केंद्र व प्ले स्कूलों में बच्चों के खेलने के लिए खिलौने, आंगनबाड़ी केंद्र के आस पास स्वच्छता एवं किचन गार्डनिंग को चेक करें। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में वितरित किए जाने वाले राशन की गुणवत्ता से कोई समझौता सहन नहीं होगा। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि खाद्य सामग्री में नियमानुसार गुणवता का विशेष ध्यान रखा जाए।

एडीसी ने महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि जिन आंगनबाड़ी वर्करों की कार्यकुशलता उचित नहीं है, उनकी प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकुशलता में सुधार लाया जाए। इस बैठक में पहले चयनित 50 गांव में पोषण से संबंधित कार्यों का ब्यौरा लिया गया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आपसी तालमेल से कार्य करें और कुपोषण को जड़ से खत्म किया जाए। इस मौके पर कैथल एसडीएम अजय सिंह, कलायत एसडीएम अजय हुड्डा, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर, शिक्षा विभाग से बीपीसी संजय कुमार, पंचायत विभाग से कुलदीप सिंह, शहरी एवं स्थानीय निकाय विभाग से सुभाष, जिला परियोजना सहायक मुकेश एवं संबंधित गांव की सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बॉडी बिल्डिंग में युवाओं व युवतियों ने दिखाई प्रतिभा

**कैथल।** चंडीगढ़ बॉडीबिल्डिंग और फिजीक स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित 13वीं मिस्टर और मिस चंडीगढ़ बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप जीजीडीएसडी कॉलेज, सेक्टर 32, चंडीगढ़ में संपन्न हुई। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जिला परिषद कैथल के पूर्व चेयरमैन दीप मलिक जाखौली ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पुरुषों की बॉडीबिल्डिंग, पुरुषों की स्पोर्ट्स फिजीक, पुरुषों की एथलेटिक फिजीक और महिलाओं की स्पोर्ट्स फिजीक श्रेणियों में मुकाबले हुए। प्रतियोगिता में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने विभिन्न भार वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### कविता पाठ में केशव रहा प्रथम

**कैथल।** डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय कैथल में उमंग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर जसपाल सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया । इसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। आज भाषण प्रतियोगिता, कविता पाठ और पेंटिंग कला का आयोजन करवाया गया। उमंग उत्सव कार्यक्रम की संयोजक डॉक्टर इंदु गाबा ने बताया कि कविता पाठ में बीटीएम प्रथम वर्ष के छात्र केशव ने प्रथम स्थान, बीएमसी प्रथम वर्ष की छात्रा अंजली व शीतल ने द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### प्रिंट मीडिया के बदलते रूप को समझना जरूरी

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के जनसंपर्क विभाग की तरफ से प्रिंट मीडिया और रिपोर्टिंग के महत्व पर सोमवार को विस्तार व्याख्यान आयोजित हुआ। इसमें विशेष तौर पर वरिष्ठ पत्रकार सुरेश सिसोदिया ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। प्रिंट मीडिया के इतिहास और वर्तमान परिप्रेक्ष्य पर विचार साझा किए। कार्यक्रम में विशेषज्ञ ने मीडिया रिपोर्टिंग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

### ईक्कस में आंखों का निःशुल्क कैंप पांच को

**जींद।** आगामी पांच मार्च को स्व. शांति देवी की याद में राजकीय प्रशिक्षण संस्थान ईक्कस में आंखों का निशुल्क कैंप का आयोजन किया जाएगा। स्काईलार्क गुरप के एमडी जगबीर ढुल व प्रबंधक सुरेन्द्र ढुल द्वारा इस कैंप का आयोजन किया जाएगा।

### दो दिवसीय कृषि मेला खरीफ 17 मार्च से शुरू

**जींद।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 17-18 मार्च को कृषि मेला (खरीफ) आयोजित किया जाएगा। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि इस वर्ष मेले का विषय कृषि में उद्यमिता को बढ़ावा देना होगा। किसानों को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा कृषि में उद्यमिता को बढ़ावा देने बारे में जानकारियां दी जाएंगी। इस मेले में विभिन्न बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व यंत्र निर्माता कंपनियां भी भाग लेंगी। किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों के लिए उपयुक्त मशीनों, यंत्रों एवं उनकी कार्य प्रणाली के साथ इन मशीनों की कीमत तथा इनके निर्माताओं की जानकारी मिलेगी।

# डिप्टी स्पीकर के प्रयासों से एकलव्य स्टेडियम में जल्द शुरू होगा सिंथेटिक ट्रैक बिछाने का कार्य, 9 करोड़ 75 लाख, 45167 की मंजूरी मिली, टेंडर हुआ अप्रूवल

- सिथेटिक ट्रैक बिछने से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होंगे : डा. मिड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। एकलव्य स्टेडियम जहां सिंथेटिक ट्रैक बिछाया जाएगा। फोटो :हरिभूमि

जिले के खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर है। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के प्रयासों से जल्द ही एकलव्य स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी और खेलों के लिए सिंथेटिक ट्रैक बिछाने के कार्य की शुरूआत होगी। सिंथेटिक ट्रैक बिछाने को लेकर 9 करोड़ 75 लाख, 45167 रुपये की मंजूरी मिली है। इसे लेकर टेंडर अप्रूवल हो गया है और जल्द ही इस पर कार्य शुरू किया जाएगा। एकलव्य स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक बिछाने के लिए नगर परिषद द्वारा टेंडर लगाया गया था। सिंथेटिक ट्रैक बिछाने में नौ करोड़ 75 लाख, 45167 रुपये का अनुमान था। जिसे अब मंजूरी मिल गई है। संबंधित एजेंसी द्वारा तय समय में सिंथेटिक ट्रैक बिछाना होगा। इसमें सब बेस, सप्रिंकलर सिस्टम, प्राकृतिक घास, फुटपाथ और बाड़ लगाने सहित 400 मीटर आठ लेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक शामिल है। सिथेटिक ट्रैक बिछने से जींद में प्रैक्टिस करके राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हो सकेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों के ज्यादा मेडल आएंगे। सबसे बड़ी बात यह है कि खिलाड़ियों को प्रैक्टिस के दौरान इंजरी भी कम आएगी। सिंथेटिक ट्रैक की सुविधा मिलने से खिलाड़ी बेहतर तरीके से प्रैक्टिस कर पाएंगे। इससे उनकी प्रतिभा में निखार आएगा।

### दो साल पहले पूर्व मुख्यमंत्री से दिलवाई थी मंजूरी

लगभग दो साल पहले नगर परिषद चुनाव से पहले जींद से भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल से एकलव्य स्टेडियम में खिलाड़ियों की सुविधा के लिए सिंथेटिक ट्रैक बनवाने की बात कही थी। जिसे तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा मान लिया गया था और सिंथेटिक ट्रैक बनाने की घोषणा की थी।

### जींद में ही मिल जाएगी सुविधा



डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जिला मुख्यालय पर सिंथेटिक ट्रैक न होने से खिलाड़ियों को दौड़ की प्रैक्टिस करने के लिए नरवाना, रोहतक या अन्य जिलों में जाना पड़ता था। अब खिलाड़ियों को यह सुविधा जींद में ही मिल जाएगी।


## बंदर पकड़ने के दौरान मची अफरा-तफरी

# ...आखिरकार 35वें रिमाइंडर पर टूटी नगर परिषद की नींद

- नागरिक अस्पताल में बंदरों को पकडऩे के लिए पहुंचे ठेकेदार कर्मी
- स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ 2020 से लगातार नप को लिख रहा था पत्र
- अस्पताल में आने वाले लोग हर दिन बंदरों के आतंक का हो रहे शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





जींद। नागरिक अस्पताल में पकड़े गए बंदर व अभियान के दौरान आमजन को गुर्राते हुए बंदर। फोटो :हरिभूमि

नगर परिषद ने आखिरकार स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ के 35वें रिमाइंडर पर संज्ञान लिया और जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल को बंदरों के आतंक से मुक्त करने के लिए अभियान चलाया। अभियान के तहत बंदर पकडऩे वाले ठेकेदार के कर्मी अस्पताल पहुंचे और 20 से अधिक बंदरों को पकडऩे का काम किया। पूरा दिन अस्पताल में बंदर पकडऩे के दौरान अफरा-तफरी भरा माहौल रहा और भड़के हुए बंदर लोगों को गुर्राते रहे। जिससे अस्पताल में आए मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। आए दिन ये बंदर किसी न किसी व्यक्ति पर हमला करके उसको घायल कर रहे हैं। कई बार तो बंदर नागरिक अस्पताल में दाखिल मरीजों के बिस्तर पर पहुंच कर मरीज को घायल कर चुके हैं और अनेक बार कमरों में घुस कर कंपयूटर सहित नागरिक अस्पताल के रिकार्ड को नष्ट भी कर चुके हैं। इस समस्या के समाधान हेतू कई बार नगर परिषद के अधिकारियों को गुहार लगाई जा चुकी थी परंतु अभीतक कोई समाधान नही हुआ था। संघ नेता राममेहर वर्मा ने बताया कि अस्पताल में बंदर पकड़ो अभियान लगातार चलाया जाए ताकि बंदरों से निजात मिल सके।

### स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ ने 34 रिमाइंडर भेजे थे

स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ प्रधान राममेहर वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ द्वारा वर्ष 2020 से लगातार नगर परिषद जींद को पत्र भेज कर बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की बात कह रहा था लेकिन अस्पताल बंदरों के आतंक से मुक्त नहीं हो पा रहा था। जिस पर संघ द्वारा लगातार उपायुक्त के संज्ञान में भी मामला लाया जा रहा था। अबतक स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ कुल 34 रिमाइंडर भेज चुका था लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई थी। आए दिन बंदर किसी न किसी को काट रहे थे। इसके अलावा कार्यालयों के अंदर पहुंच कर भी नुकसान पहुंचा रहे थे। हर समय झुंड के झुंड बंदरों के नागरिक अस्पताल में हर समय बैठे देखे जा सकते हैं। इसके अलावा अस्पताल में आने वाले मरीजों को भी बंदर काटने से चूकते नही थे। जिसके कारण नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ-साथ चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा था।

### लगातार चलाया जाए अभियान

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि अस्पताल में बंदर पकड़ो अभियान की शुरूआत हुई है। बंदर पकड़े न जाने से अस्पताल में कर्मियों, मरीजों, तिमारदारों को परेशानी हो रही थी। अभियान को लगातार चलाया जाए तो बंदरों से निजात मिलेगी।

# भारी बहुमत से जीतेगी भाजपा

- निकाय चुनाव को लेकर मीडिया से की बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



सीएम नायब सिंह सैनी के साथ अशोक गुर्जर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निकाय चुनाव में रैली प्रभारी एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत से विजयी होगी।

निकाय चुनाव को लेकर पत्रकारों से बातचीत में अशोक गुर्जर ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। जि सकारण विपक्षी बेवजह आरोप लगा रहे हैं। निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी अधिकतर जगह अपने उम्मीदवार ही नहीं उतार पाई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में हरियाणा में प्रदेश की जनता भाजपा को निकाय चुनाव में जितवाने का मन बना चुकी है। इसी कारण आज मतदान के दिन भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में जबरदस्त माहौल बूथों पर दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज भी देश में तुष्टिकरण की नीति अपना रही है। यही कारण है कि लोगों को कांग्रेस पार्टी पर अब विश्वास नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी खुद की नीतियों के कारण रसातल में जा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ठीक कहते हैं कि कांग्रेस नेताओं की जमीन अब खिसक चुकी है। जिस कारण वे अब केवल ट्विट के सहारे लोगों में बने रहने का प्रयास करते हैं।

### अवैध कॉलोनियों पर प्रशासन की सख्ती

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के निर्देशन में जिला नगर योजनाकार कार्यालय ने सफीदों शहरी क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। बिना लाइसेंस, सीएलयू और एनओसी के विकसित की जा रही कॉलोनियों को नियमों के विरुद्ध पाते हुए प्रशासन ने आवश्यक कानूनी कदम उठाए हैं। अधिकारियों के अनुसारए राजस्व क्षेत्र खेड़ा खेमावती में किला/खसरा नंबर 80//14 मिन, 16, 17, 18, 23 मिन, 24 मिन, 25मिन पर एक अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। जिसे सरकार से स्वीकृति प्राप्त नहीं है। इस अनियमितता को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने उक्त खसरा नंबरों पर किसी भी प्रकार की भूमि बिक्री, बिक्री पत्र (सेल डीड), बिक्री समझौता एग्रीमेंट टू सेल, पूर्ण भुगतान समझौता फुल पेमेंट एग्रीमेंट या पावर ऑफ अटॉर्नी के पंजीकरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है।

### खेल नर्सरी खोलने के इच्छुक व्यक्ति 15 मार्च तक करें ऑनलाइन आवेदन

**कैथल।** अपडेशन कार्य किया जाता है। इसके आधार पर हर साल जिले में खेल नर्सरियां अलॉट होती हैं। खेल नर्सरी खोलने के इच्छुक व्यक्ति 15 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद जगह की जांच के अनुसार खेल नर्सरियां आवंटित की जाएंगी। नर्सरी में अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों का सत्र अप्रैल माह में शुरू होगा। इससे पहले विभाग की ओर से खिलाड़ियों की शारीरिक जांच के लिए ट्रायल आयोजित किया जाएगा। इसमें पास होने वाले खिलाड़ियों को ही दाखिला दिया जाएगा। एक खेल नर्सरी में 25 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। पिछले साल जिले में 82 खेल नर्सरियां अलॉट हुई थी। गौरतलब है कि हर साल नर्सरी और खिलाड़ियों का डाटा अपडेट किया जाता है। अप्रैल माह से खेल सत्र शुरू होता है। इच्छुक नर्सरी संचालक 15 मार्च तक हरियाणा खेल विभाग की साइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला के खिलाड़ियों को उनकी खेल उपलब्धिए गतिविधि, हाजिरी आदि के अनुसार ग्रेड दिए जाएंगे। नर्सरियों में सुविधाओं और कोच की उपस्थिति के अनुसार ग्रेड दिए गए जाएंगे। फ रवरी माह में हरियाणा खेल विभाग की ओर से सभी जिलों से खेल नर्सरियों का डाटा और खिलाड़ियों का डाटा मांगा गया था। इसके तहत खिलाड़ियों और नर्सरियों को ग्रेड दिए गए जाएंगे। वहीं खिलाड़ियों का डाटा रिन्यू होगा और नर्सरियों में भी खेल सुविधाओं की जांच की जाएगी। प्रत्येक नर्सरी में 25 खिलाड़ियों का दाखिला होगा। जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने बताया कि 15 मार्च तक नर्सरी चलाने के इच्छुक व्यक्ति ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मार्च के अंत तक ट्रायल व अन्य प्रक्रिया पूरी की जाएगी। अप्रैल से खेल सत्र शुरू होगा। विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ने धूमधाम से मनाया त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों



जींद। कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालुगण। फोटो :हरिभूमि

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सफीदों सैंटर के तत्वावधान में नगर के संजय रोज गार्डन में त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सफीदों सैंटर इंचार्ज बहन स्नेहलता ने की। महोत्सव में मुख्यातिथि के तौर पर जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा ने शिरकत की। वहीं गायक ब्रह्माकुमार भानू प्रसाद माऊंट आबू राजस्थान से आकर शिव बाबा की महिमा का गुणगान किया। मुख्यवक्ता के तौर पर पहुंचे ब्रह्माकुमार भ्राता ओमकार चंद ने लोगों को महाशिवरात्रि के महत्व के बारे में बतलाया। कार्यक्रम में पिल्लूखेड़ा सैंटर इंचार्ज बहन रजनी विशेष रूप से मौजूद रहीं। इस अवसर पर विशेष रूप से आए जादूगर भ्राता हरीश ने अपनी कला से सभी का मनोरंजन किया। अपने संबोधन में मुख्यवक्ता के तौर पर पहुंचे ब्रह्माकुमार भ्राता ओमकार चंद ने कहा कि शिव परमपिता है। शिव से मन का सच्चा संबंध जोड़कर रहने से हर मनोकामना पूर्ण होती है। महाशिवरात्रि परमात्मा शिव का दिव्य अवतरण का यादगार पर्व है। अभी परमात्मा शिव इस धरा पर अवतरित होकर सारे मनुष्य आत्माओं को सभी पापों से मुक्ति और जीवन मे सच्ची सुख-शांति का उपहार, सहज ज्ञान दे रहे हैं।

# वेदांता किड्स स्कूल में फेस्टिनो 2025 मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना




जींद। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए छोटे बच्चे। फोटो :हरिभूमि

वेदांता किड्स इंटरनेशनल स्कूल द्वारा बसंत विहारए नरवाना में फेस्टिनो 2025 का प्रथम वार्षिक समारोह भव्य रूप से रात्रि समय में आयोजित किया गया। रंग.बिरंगी रोशनीए शानदार सजावट और जोश से भरे माहौल ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि सीनियर डिवीजन जज संदीप कुमार और डॉ बबीता अपने परिवार के साथ पधारे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पृथ्वी सिंह चोपड़ाए विनोद कुमारए किताब सिंह मोरए पुनीत जैन एविकास ढांडाए रामफल सरपंच एसंजय भारद्वाजए महेंद्र चोपड़ा और बलबीर मास्टर उपस्थित रहे। स्कूल के डायरेक्टर इंजीनियर प्रदीप नैन और प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि जैन ने अतिथियों का स्वागत किया और छात्रोंए शिक्षकों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए उनकी मेहनत और समर्पण की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि संदीप कुमार ने स्कूल प्रबंधनए स्टाफ और छात्रों को इतने सफल और शानदार कार्यक्रम के आयोजन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि बच्चों की इतनी शानदार प्रस्तुतियाँ देखकर लगता है कि वेदांता किड्स इंटरनेशनल स्कूल इस क्षेत्र में बेहतरीन गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम की खासियत बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए वक्का वक्का डांसए रेट्रो डांसए मोबाइल थीम डांसए योगा प्रदर्शनए कराटे डेमोंस्ट्रेशनए चेयर डांसए भांगड़ा और मदर्स डांस जैसी अद्भुत प्रस्तुतियाँ रहीं। भांगड़ा ने समां बांध दिया और माताओं के विशेष नृत्य ने भावनात्मक जुड़ाव का सुंदर उदाहरण पेश किया। बच्चों के आत्मविश्वास और ऊर्जा से भरे प्रदर्शन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में मुख्य अतिथिए विशिष्ट अतिथि और गेस्ट ऑफ ऑनर को विशेष मोमेंटो देकर सम्मानित किया गयाए जिससे उनका उत्साह और अधिक बढ़ गया। इसके अलावाए अन्य सरप्राइज़ सम्मान भी दिए गएए जिससे बच्चों को प्रेरणा मिली। कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी जोश के साथ भाग लिया और वे स्कूल के इस शानदार आयोजन से बेहद प्रभावित हुए।

# पूंडरी हुडा मार्केट में लगे गंदगी के ढेर

**पूंडरी।** पूंडरी एचएसवीपी मार्केट को देखकर ये नहीं लगता कि ये पूंडरी की सबसे महंगी मार्केट है। इसके सामने प्लेटफार्म और आसपास में फैली गंदगी के ढेर देखने से लगता है कि ये शहर का डंपिंग यार्ड है। मार्केट व अनाज मंडी के बीच वाली सड? के साथ बनाया गया नाला भी गंदगी से अटा पड़ा है। आलम ये है कि मार्केट में नाले का गंदा पानी खाली पड़ी दुकानों व शोरूम की जगह में जमा रहता है और उसके पास गंदगी बिखरी हुई है। जिसमें पुरा दिन बेसहारा और आवारा पशु मुंह मारते रहते है। दुकानदार सोनू सिंगला, अशोक बंसल, कृष्ण कुमार, संजीव कुमार व जरनैल सिंह ने बताया कि उन्होंने करोड़ों रुपए खर्च मार्केट में दुकानें व एसीओ खरीद किए हुए है कि एचएसवीपी की मार्केट में उन्हें हर सुविधा मिलेंगी। लेकिन सुविधा के नाम पर यहां कुछ भी नहीं है। मार्केट के सामने सड? पर खोखा रेहड़ी वालों ने अतिक्रमण किया हुआ है और अनाज मंडी की साइड खाली जमीन में गंदा पानी हर समय जमा रहता है।



### नियमित रूप से हो रही साफ-सफाई

पूंडरी की एचएसवीपी मार्केट में नियमित रूप से साफ-सफाई करवाई जाती है। इसके अलावा सीवरेज, लाइट व सडकों को भी समय-समय पर रिपेयर करवाया जाता है। मार्केट में जो प्लाट खाली पड़े हुए है, उसमें कई बार नाला अवरुद्ध होकर उसका पानी चला जाता है। दुकानदार व अन्य लोग भी खुले में कचरा डाल देते है। जिसकी वजह से भी समस्या आ रही है। सफाई नियमित रूप से करवाई जाती है। अब भी वे सफाई के लिए कर्मचारी भेज देंगे।

**अशोक कुमार, सचिव नगरपालिका पूंडरी।**

## पुरानी अनाजमंडी में लगाई क्लॉथ बैग वेंडिग़ मशीन

# जुलाना को पॉलीथिन मुक्त बनाने का अभियान शुरू

- पांच रुपये का सिक्का डालने पर मिलेगा कपड़े का बैग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना




पुरानी अनाजमंडी में मशीन का प्रयोग करने के लिए जागरूक करती नपा सचिव पुजा साहू।

जुलाना कस्बे को पॉलीथीन मुक्त बनाने के लिए नगरपालिका ने हाइटैक तरीका अपनाया है। कस्बे की पुरानी अनाजमंडी में नगरपालिका ने क्लॉथ बैग वेंडिंग मशीन लगाई है। मशीन में पांच रूपये का सिक्का डालने पर ऑटोमैटिक कपड़े का बैग मशीन से बाहर आएगा। बाजार में खरीदारी के लिए आए ग्राहकों को आसानी से कपड़े का कैरी बैग मिलेगा। जिससे पॉलीथीन के प्रयोग से छुटकारा मिलेगा। सोमवार को नगर पालिका की सचिव पूजा साहू ने मशीन का रिबन काटकर उद्घाटन किया। सचिव ने लोगों को पांच रुपये का सिक्का डालकर बैग निकाल कर प्रयोग करने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर स्वच्छ भारत मिशन अर्बन इंचार्ज संजीव चहल, पंकज, जीनत पूनिया, राहूल, सागर व अजित सिंह भी मौजूद रहे। स्वच्छ भारत मिशन अर्बन इंचार्ज संजीव चहल ने बताया कि पुरानी अनाज मंडी में साढ़े 14 हजार रुपये की लागत से क्लॉथ बैग वेंडिग़ मशीन लगाई गई है।

### पॉलीथिन वातावरण और पशुओं के लिए हानिकारक

पॉलीथिन वातावरण और पशुओं के लिए भी हानिकारक है। पॉलीथिन गलता भी नही है और जलाने पर वायू प्रदूषण होता है। नालियों में डालने से लोगों को निकासी व्यवस्था की समस्या से भी होकर गुजरना पड़ता है। कई बार पशु पॉलीथीन को खा जाते हैं जिसकी कीमत पशुओं को जान देकर चुकानी पड़ती है।

### कपड़े के बैग का प्रयोग करना चाहिए

मशीन लगाने का उद्धेश्य लोगों को पॉलीथीन के प्रयोग न करने के लिए जागरूक करना है। पॉलीथिन के बैग मनुष्य के साथ साथ पर्यावरण के लिए भी हानिकारक हैं। अगर लोग जागरूक होंगे और कपड़े के कैरी बैग का प्रयोग करते हैं तो और मशीने भी बाजार में लगाई जाएंगी। बाजार में आने वाले लोगों को पॉलीथीन की बजाए कपड़े के बैग का प्रयोग करना चाहिए।